# Unit - २

मूल्य का अर्थ :- "हम दैनिक जीवन मे बार-२ मूल्य या मूल्यों की बात करते है। इन्हे हम आदर्श, उचित विचार, पसंद का विचार या व्यवहार मानते है। इन्हे हम अपने व्यवहार के मार्गदर्शक तत्व मानते है। विभिन्न विद्वानो द्वारा दी गयी मूल्यों की परिभाषाएँ यो है।

## मूल्य की परिभाषाएँ :-

1- अर्बन (Urban) के अनुसार — "मूल्य वह है जो मानव इच्छाओं की तुष्टि करे।"
'Value is that which satisfies human desire'

(२) वुड्स (Woods) के अनुसार — "मूल्य मानव व्यवहार के घटक तथा निर्धारक तत्व है ये आदर्श और दोनों का कार्य करते है।"

(3) जॉन (John) के अनुसार - "मूल्य, आदर्श, विश्वास या मानक है जिन्हे सम्पूर्ण समाज या समाज का एक बड़ा अंश धारण किये हुए है।"

(4) रामजी एम॰टी (Ramji M.T.) के अनुसार - मूल्य वह है जो उद्देश्य जीवन सिद्धान्त है या जिसकी तलाश है ये जीवन सि॰ है या जिसकी तलाश है ये जीवन की परिभाषित शैली है।

# मूल्य का परिचय

मूल्य का परिचय ⇒ "मूल्य शिक्षा का अभिप्राय इस शिक्षा से है जिसमें हमारे नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्य समाहित है इसके अन्तर्गत विभिन्न विषयों में मनोवैज्ञानिक ढंग से मूल्य समाहित करके इन्हें छात्र के व्यक्तित्व में समाहित किया जाता है। मूल्य शिक्षा का मूल्य कार्य छात्रों के सर्वांगीण व्यक्तित्व का विकास एवं मानव बुद्धि के सभी आयामों को विकसित करना है ताकि हमारे राष्ट्र को लोकतांत्रिक, सामंजस्यपूर्ण, सामाजिक रूप से जिम्मेदार बनाने में मदद कर सके।

हाडलर के अनुसार – "मूल्य एक मानव-विश्वास है जिसके आधार पर मनुष्य वरीयता प्रदान करते हुए कार्य करता है।

मूल्य की परिभाषा नहीं हो सकती है यह कथन किसका है — जी० ई० मूर का

Que. शैक्षिक मूल्यों के कितने प्रकार हैं?

Ans — 5 पांच

Que - परम मूल्य कितने हैं –

A – 3

Q – सार्वभौमिक मूल्य कितने हैं?



Ans – 5 पांच

Scanned with CamScanner

(5) निशा शर्मा के अनुसार – "मूल्य ऐसा व्यवहार है जिसकी हम दूसरे से अपने लिए अपेक्षा करते है।"

(6) इण्टरनेशनल डिस्कवरी ऑफ एजुकेशन (1978) के अनुसार – "मूल्य वे विश्वास होते है जो क्या उचित या अनुचित है, के बारे मे होते है।"

Values : Beliefs about what is desirable or undesirable."

"मूल्य वह मानक होते है, जिसके द्वारा किसी कार्य के लक्ष्य चुने जाते है।"

Value is a Standard by means of which the ends of action are Selected."

उपरोक्त परिभाषाओं के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि मूल्य वह है जो किसी चीज की कीमत, गुण, विशेषता, उपयोगिता। मूल्य मानव वांछित सद्गुणों, नैतिक आचार संहिता के तत्व होते है।

C.V गुड (सी०वी० गुड के अनु०) – "मूल्य शिक्षा उन सभी प्रक्रियाओं का समुच्चय है जिसके द्वारा व्यक्ति उस क्षमता दृष्टिकोण और व्यवहार के अन्य रूपों को विकसित करता है जिस समाज मे वह रहता है।"



Scanned with CamScanner

## मूल्य का शाब्दिक अर्थ।

मूल्य शब्द अंग्रेजी के Value शब्द से बना है Value लैटिन भाषा के "Valere वैलेर शब्द से निकला है। जिसका अर्थ – "किसी चीज/वस्तु के गुण, विशेषताओं उपयोगिता, मूल्य मानवोचित सद्गुणों, नैतिक आधार सत्ता के तत्व होते हैं।"

## मूल्यों की विशेषताएँ।

1. एक समाज में उसके मूल्य उचित या सार्थक माने जाते है।
2. वे लोगों के समूह में माने जाते है या शेयर किये जाते हैं।
3. वे सोचने और व्यवहार करने के प्रतिमानों या ढंगों में गम्भीरता से लिये जाते हैं।
4. ये लोगों के भूतकाल की सामाजिक धरोहर होने के नाते भावना से युक्त होते हैं।



Scanned with CamScanner

(5) ये अधिकतर लोगों द्वारा महत्वपूर्ण माने जाने वाले वस्तुओं का आदर्श होते हैं।

(6) एक समाज में एक व्यक्ति पर वे सामाजिक दबाव या प्रभाव या सामाजिक नियंत्रण डालने का कार्य करते हैं।

(7) यद्यपि मूल्यों में मूलभूत परिवर्तन (Fundamental Change) तो बहुत ही कम हो पाता है।

(8) जे० एच फिशर J.H. Fisher के अनुसार - "मूल्य एकता के साधन के रूप में कार्य करते हैं।" The (Values) act as a means of Solidarity

(9) मूल्यों में स्तरण होता है वे कई प्रकार, स्तर या स्तरण के होते हैं यथा - तुरंत विशेष यान्त्रिक मूल्यों से लेकर आदर्श, सार्वभौमिक और ठोस मूल्य हो सकते हैं।

निष्कर्ष ! Conclusion ⇒ "मूल्य समाज-सापेक्ष होते हैं अर्थात उनमें Social relativity होती है। यही कारण है कि यद्यपि प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक समाजों के मूल्य में भिन्नता होते हैं।



Scanned with CamScanner

# मूल्य के स्रोत

(1) व्यक्तिगत मूल्य — आत्मप्रेरणा, साहस, कल्पना आत्मविश्वास

(2) सामाजिक मूल्य :— मूल्य शिक्षा ऐसे मूल्यों को प्रोत्साहित कर सकती है जो मित्रता, उदारता, इत्यादि। न्याय, समझदारी धैर्य, स्वतन्त्रता

(3) आर्थिक मूल्य :— Economic Value — इसको हम साधक या उपकरणीय मूल्य कह सकते हैं हम धन को मूल्यांकन न मानकर उसके द्वारा जो प्रसन्नता हम प्राप्त होती है उसे मूल्यवान समझते हैं मूल्यों की शिक्षा में धन के सदुपयोग पर बल दिया जाना चाहिए।

(4) स्वास्थ्य सम्बन्धी मूल्य (Health Values) :— एक मूल्य शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति से सम्बन्धित है मूल्य शिक्षा में स्वस्थ जीवन के मूल्य की ओर ध्यान दिलाना आवश्यक है —

(5) नैतिक मूल्य :— Moral Values) — नैतिक मूल्यों की शिक्षा विद्यार्थी के अन्दर उपयुक्त एवं सही विकल्पों के चुनाव करने की क्षमता में वृद्धि और उनके सहतान पालन करने की आदत बनाने की ओर दी जानी चाहिए

(6) आध्यात्मिक मूल्य :— पवित्रता, ध्यान, योग



Scanned with CamScanner